देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 40 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 7 मई 2020

विचार-प्रवाह...एक महत्वपूर्ण सुझाव





मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 18.0°

31685.75

2 मलेरिया की दवा को लेकर घिरे ट्रंप

7 नहीं रहा विराट का अजीज डॉग

## संक्षिप्त समाचार

### साद के बेटे से दिल्ली पुलिस ने की पूछताछ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। निजामुद्दीन मरकज मामले में दिल्ली पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे तबलीगी जमात के मुखिया मौलाना साद के बेटे से क्राइम ब्रांच ने पूछताछ की है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि मौलाना साद के बेटे से मंगलवार को पूछताछ की गई। ये पूछताछ उन 20 लोगों के गायब होने को लेकर हुई जो दिशानिर्देशों को धता बताकर निजामुद्दीन मरकज में जलसे में शामिल हुए थे या फिर मरकज की मैनेजमेंट टीम के हिस्से हैं। निजामुद्दीन मरकज मामले में आपराधिक केस दर्ज होने के बाद से ही ये 20 लोग फरार हैं।

### बीएसएफ के 30 जवान कोरोना पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल के 30 जवान कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। बीएसएफ के सूत्रों के मुताबिक सभी जवान दिल्ली में कानून और व्यवस्था का काम कर रहे थे, उन्हें बाद में जोधपुर शिफ्ट किया गया, जहां जांच में उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। बता दें कि इससे पहले सोमवार को बीएसएफ मुख्यालय के पहले और दूसरे तल को सील कर दिया गया था। बीएसएफ के 54 सैनिकों को कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

### नाई-धोबी, ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों को मिलेगा 5,000 रुपये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने लॉकडाउन के चलते छोटे कारोबारियों के लिए 1,610 करोड़ रुपये के राहत पैकेज का ऐलान किया है। इसी के साथ कर्नाटक सरकार ने 11 फीसद एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने की भी घोषणा की, जो बजट में घोषित 6 फीसद ड्यूटी के अतिरिक्त होगी। कर्नाटक सरकार का यह राहत पैकेज किसानों, एमएसएमई, हथकरघा बुनकरों, फूलों की खेती करने वालों के अलावा धोबी, नाई, ऑटो और टैक्सी चालकों के लिए है।

# हिज्बुल चीफ नायकू हुआ ढेर

## आतंकी रियाज नायकू के सिर पर 12 लाख का इनाम था

सुरंग से आता-जाता था नायकू, वहीं बनी कब्र!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। पुलवामा में जारी एनकाउंटर के बीच सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, हिज्बुल मुजाहिदीन का टॉप कमांडर रियाज नायकू को एनकांउटर में ढेर कर दिया गया है। इसे हंदवाड़ा में भारतीय जवानों की शहादत का बदला माना जा रहा है। पुलवामा में जारी एनकाउंटर के बीच श्रीनगर में मोबाइल और इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गई है। इसके अलावा अवंतिपोरा के शरशाली खिरयू में भी दो आतंकियों को मार गिराया गया है। रियाज नायकू को ए++ कैटिगरी का आतंकी बताया जाता है और उसके सिर पर 12 लाख का इनाम था।



### 24 घंटे में कश्मीर में चार आतंकियों को सफाया

बुधवार सुबह 2 बजे एरिया की घेराबंदी की गई और आसपास के घरों से सभी सिविलियंस को सुरक्षित बाहर निकाला गया। कोई सिविलियन इसमें घायल नहीं हुआ। आतंकियों से मुठभेड़ सुबह 9.30 बजे शुरू हुई। चार घंटे तक लगातार फायर फाइट के बाद रियाज नायकू मारा गया। बेगपोरो में नायकू के साथ एक और आतंकी था, उसे भी सुरक्षा बलों ने मार गिराया। दो एके-47 और गोलाबारूद बरामद हुआ है।

रियाज नायकू बहुत ही शातिर आतंकी था। बताया जा रहा है कि उसने अपने घर तक जाने-आने के लिए सुरंगें बना रखी थीं। इस बात की सूचना बहुत ही गिने-चुने लोगों को थी क्योंकि वह किसी पर भरोसा नहीं करता था। सेना ने विस्फोटक से वह घर उड़ा दिया और जो सुरंग उसने जान बचाने के लिए खोदी थी उसी में उसकी कब्र बन गई।

सेना इस मामले में कोई रिस्क नहीं लेना चाहती थी इसलिए मारे जाने के बाद भी रियाज की पहचान को लेकर पूरी आश्वस्त होना चाहते थे। इसलिए साढ़े पांच घंटे तक उसके पहचान करने में लगाए गए। सबसे पहले उसके शरीर के निशानों को देखा गया, फिर पुलिस ने, उसके बाद सीआरपीएफ ने, फिर सेना ने, उसके बाद आईबी ने और अंत में स्थानीय लोगों से उसकी पहचान कराई गई। उसके बाद रियाज के मारे जाने की सूचना बाहर आई।

सूत्रों के मुताबिक, थोड़ी देर बाद ओवैस हिज्बी भी ढेर कर दिया गया।

### कौन था रियाज नायकू

भारतीय सेना ने उसके सिर पर 12 लाख रुपये का इनाम रखा था। उसने घाटी में लंबे समय से दहशत फैला रखी थी। सब्जार बट की मौत के बाद रियाज को हिज्बुल का कमांडर बनाया गया था। बुरहान वानी के बाद वह घाटी में आतंक का नया पोस्टर बॉय बन गया था। रियाज बुरहान वानी के कोर ग्रुप का मेंबर था और बुरहान के मारे जाने के बाद उसे ही टॉप कमांडर बनाए जाने की चर्चा थी। पिछले साल उसने धमकी भरा ऑडियो जारी किया था। वीडियो में उसने घाटी में जेल स्टाफ पर हमले की धमकी दी थी। गणित के टीचर से आतंकी बने रियाज अहमद नायकू (35 साल) ने पुलिस अफसरों के परिवार के लोगों का अपहरण और आतंकी के मरने पर बंदूकों से सलामी देने का चलन शुरू किया था।

# सोशल मीडिया पर फैलाई सीएम को लेकर अफवाह

## कैंट थाने में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संवाददाता**

देहरादून। सोशल मीडिया पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के जीवन लेकर अफवाह उड़ा दी गई, जिससे हड़कंप मच गया। मामले को संज्ञान में लेते हुए एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अशोक कुमार ने एसएसपी देहरादून को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं, इस मामले को लेकर कैंट थाने में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सोशल का मीडिया का कुछ लोग गलत तरीके से इस्तेमाल कर रहा है। कभी किसी नेता की छवि धूमिल किए जाने की कोशिश सोशल मीडिया के जरिए की जा रही है। तो कभी अफवाहों के जरिए लोगों को गुमराह किया जा रहा है। इस बार तो हद ही हो गई। अज्ञात शख्स ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के जीवन को लेकर अफवाह फैला दी।

मामले पर महानिदेशक अपराध और कानून व्यवस्था अशोक कुमार ने सख्त रुख दिखाते हुए एसएसपी अरुण मोहन जोशी को आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगी। ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले एक फर्जी फेसबुक आइडी से रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट किए गए।

### भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को लेकर फैलाई गई अफवाह को लेकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ भाजपाइयों ने कठोर कार्रवाई करने की मांग उठाई है। माजरी ग्रांट मंडल अध्यक्ष राजकुमार, डोईवाला मंडल अध्यक्ष विनय कंडवाल ने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों को सख्त सजा दी जानी चाहिए। इधर, भाजपा के दिनेश सजवाण ने ने आरोपितों के खिलाफ डोईवाला कोतवाली निरीक्षक प्रदीप बिष्ट से मिलकर तहरीर दी है।

### कोरोना केस 49 हजार पार, 1,694 मौते

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण 126 लोगों की मौत हो जाने के बाद इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,694 हो गई है और संक्रमण के 2,958 नए मामले सामने के साथ ही संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 49,391 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण से 13,160 मरीज ठीक हो गए हैं और एक रोगी देश से बाहर जा चुका है। कोविड-19 से संक्रमित 33,514 मरीजों का इलाज चल रहा है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''अभी तक करीब 28.71 प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हैं।''कुल मामलों में 111 विदेश नागरिक भी शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि मंगलवार शाम से कुल 111 मरीजों की जान गई है । इनमें से गुजरात में 49, महाराष्ट्र में 34, राजस्थान में 12, पश्चिम बंगाल में सात, उत्तर प्रदेश में तीन, पंजाब एवं तमिलनाडु में दो-दो और कर्नाटक एवं हिमाचल प्रदेश में एक-एक मरीज की मौत हुई है।

# 17 मई के बाद क्या है प्लान ?

■सोनिया गांधी का मोदी सरकार पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप और लॉकडाउन 3.0 के बाद की स्थिति पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी शसित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में आज नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि उसने किस पैमाने पर लॉकडाउन 3.0 को लागू किया और 17 मई के बाद उसके पास क्या योजना है।

बैठक में सोनिया गांधी ने कहा कि 17 मई के बाद देश में क्या होगा और 17 मई के बाद क्या होगा? सरकार ने लॉकडाउन जारी रखने के लिए क्या पैमाना लागू किया। उसके पास लॉकडाउन 3.0 के बाद क्या रणनीति है।

**एक ही सवाल, 3.0 के बाद क्या?: मनमोहन सिंह**

बैठक में शामिल पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा कि सबकी चिंता यही है कि लॉकडाउन 3.0 के बाद क्या होगा।

राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि जबतक लोगों और राज्यों को आर्थिक पैकेज नहीं मिलेगा देश कैसे आगे बढ़ेगा।

पंजाब के सीएम अमरिंदर सिंह ने कहा कि उन्होंने दो कमिटी का गठन किया है जो लॉकडाउन के झटके और आर्थिक रिवाइवल प्लान पर रणनीति बनाएगी।

# साउथ चाइना सी में बढ़ा सैन्य तनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चीन का युद्धाभ्यास, अमेरिका के फाइटर जेट भी तैयार

वॉशिंगटन। साउथ चाइना सी को लेकर दुनिया की दो महाशक्तियों चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है।

एक तरफ अमेरिका ने आरोप लगाया है कि चीन की सेना दक्षिण चीन सागर में आक्रामक व्यवहार कर रही है, वहीं चीन का आरोप है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को देखते हुए डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन माहौल को भड़काने में लगा है। बढ़ते तनाव के बीच चीन के जंगी जहाजों ने युद्ध का लाइव अभ्यास किया है। इस बीच अमेरिका ने अलास्का में अपने ब्रह्मास्त्र कहे जाने वाले एफ-35 फाइटर जेट को अलर्ट मोड में तैयार कर रखा है। चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने कहा कि चीन की सेना दक्षिण चीन सागर में आक्रामक रूख अपना रही है। चीन ने अपनी छवि सुधारने के लिए गलत सूचनाएं फैलाने का अपना अभियान तेज कर दिया है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in